Library

School of Planning and Architecture, Bhopal

S.No.01 November,2021

हरिभूमि	24/11/2021	पेज क्र 12

मानव संग्रहालय में विश्व धरोहर सप्ताह पर व्याख्यान

हिमाचल की काठ-खुनी ने दिलाई वैश्विक पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर हिमालयी वास्तुकलाः इसकी भव्यता और महत्व नामक एक विशेष व्याख्यान सीईपीटी विवि, अहमदाबाद के प्रोफेसर जय ठक्कर और मानसी शाह द्वारा काठ-खुनी आर्किटेक्चर ऑफ द हिमालय सस्टेनेबिलिटी एंड चेंज विषय पर दिया गया।

कला को संरक्षित करना होगा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संग्रहालय के निदेशक डॉ. पी. के. मिश्र ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भवन निर्माण कला काठ-खुनी वास्तुकला ने इस प्रदेश को विश्व भर में एक अलग ही पहचान दिलाई है। पूर्वजों से प्राप्त इस पद्यति के प्रत्येक पक्ष को प्रलेखित कर इसे संरक्षित कर आने वाली पीढ़ी के लिए सहेजना होगा।